भी मुश्किल है। आप कह दें तो हम कैसे चुप रहें, लेकिन अगर आप चुप रह जायें तो हम भी कुछ न बोलें। ऐसा समझौता तो होना चाहिए। राजदूतों का आदान-प्रदान हो गया। चीन के साथ व्यापार सम्बन्ध कायम हो गये। एक पत्रकार हमारे गये थे, एक डाक्टर गये थे। उन के कुछ डाक्टर आ रहे हैं। हमारे जहाजों को छूट है, अगर वह चीन के बंदरगाहों पर माल ले जाना चाहते हैं तो ले जा सकते हैं। सिलसिला शुरू हुआ है। देखें ऊंट किस करवट बैठता है। हमारी इच्छा है कि हमारे सम्बन्ध सामान्य बनें चाहिएं। अगर दूसरी ओर से भी ऐसी ही इच्छा होगी तो जरूर सम्बन्ध सामान्य बनेंगे और अगर एक बार सम्बन्ध सामान्य बन गये तो सम्बन्धों को मैत्रीपूर्ण बनाने का रास्ता खुल जाएगा।

**श्री गुणानन्द ठाकुर :** आप नेपाल गये थे। वहां के बारे में कुछ कहिये।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** नेपाल के सम्बन्ध में इतना ही कह सकता हूं कि उस के साथ हमारे सम्बन्ध बहुत अच्छे हैं और मेरे जाने से और भी मधुर बने हैं। यह सम्बन्ध अटूट हैं।

**श्री मुहम्मद यूनुस सलीम :** आप की मधुर वाणी ने वहां बहुत अच्छा असर पैदा किया है।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** और भी पड़ौसी देशों के साथ हमारे सम्बन्ध सुधरे हैं। यह हमारा प्रयत्न है और इस कार्य में हम सारे सदन की शुभकामना और सदभावना चाहते हैं। बहुत बहुत धन्यवाद।

## STATEMENT BY MINISTER

### FLOOD SITUATION IN THE COUNTRY

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Agriculture Minister now.

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** (उत्तर प्रदेश) : बजाय इसके कि कृषि मंत्री जी अपना वक्तव्य दें, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि यह सदन समाप्त हो रहा है और अगला सदन नवम्बर में होगा। तो इतनी अनुमति दी जाय कि मंत्री जी से कुछ प्रश्न हम वक्तव्य के बाद पूछ सकें।

**श्री कल्प नाथ राय** (उत्तर पदेश) : मैं कहना चाहता हूं कि बाढ़ के कारण बहुत परेशानी है। लाखों जानवर मर गये है, हजारों घर बह गये है और यह राष्ट्रीय संकट का सवाल है। राजस्थान में अजमेर डूब रहा है। इसलिये इस पर बहस होनी चाहिए और इसके लिये सदन का समय एक दिन के लिये और बढ़ा दिया जाय।

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA): Sir, in reply to a Calling Attention Notice in Rajya Sabha on the 4th of August, 1977 a statement on the flood situation was made giving the flood position as on that date. This statement deals with the subsequent situation in various parts of the country.

The season's total of the monsoon rainfall from the 1st of June to the first week of August is either normal or in excess over most of the country except in sub-Himalayan West Bengal, Arunachal Pradesh and Telengana where the deficiency is marginal and in Nagaland, Manipur, Mizoram and Tripura and Marathwara where it is deficient. The Statewise position is as follows:—

*Assam*: In river Brahamputra the fourth wave of floods has been continuing since the 2nd July. The Northern tributaries of Brahmaputra Puthimari, Pagladiya, Beki, Manas and Subansiri and Dhansiri from the South have also been in moderate floods.

[Shri Surjit Singh Barnala]

According to the latest reports the State Government have indicated that crops over an area of 2.16 lakh ha. were damaged, 34 human lives and 141 cattle were lost. The damage to crops, houses and public utilities so far assessed amount to Rs. 20·83 crores, The State Government has spent Rs. 64 lakhs on gratuitous relief.

*Bihar*: The rivers Sone and Punpun Southern tributaries of Ganga and the rivers Burhi Gandak, Bagmati and Kosi Northern tributaries and the main river itself were in moderate floods. No damage ofany significance has been reported except bank erosion near Narayanpur Railway station by the river Ganga. The State Government have taken immediate measures to keep the erosion under control. The total damage to crops etc. has been estimated at Rs. 34 lakhs.

*Gujarat*: The total monetary loss due to floods and heavy rains that occurred during the last week of July has been reported to be Rs. 395 lakhs, out of which the damage to irrigation works is Rs. 136·37 lakhs.

*Haryana*: According to the latest information further area in the Gurgaon district *via* Haryana was inundated due to the continuous heavy discharge in Sahbi Nadi and heavy rains over the area. The total damage is still to be assessed by the State Govt. However, according to the report received from the State Government 15 lakh population have been affected in 700 villages; 4 human lives and 21 heads cattle have been lost.

*Orissa*: The river Brahmini and also Subarnarekha ware in moderate floods. The reports regarding damage have so far not been received.

*Rajasthan*: In Rajasthan eight small irrigation works breached due to heavy rains/floods. Canal system and earthen embankments were extensively damaged in the twelve districts during the second fortnight of July. 155 irrigation tanks overflowed. Railway communication was disrupted due to breaches in Sewar in Bharatpur District.

*West Bengal*: Due to heavy inflows into the D.V.C. reservior and also in Kangsabati and consequent releases the Lower Damodar Area has been inundated. Due to heavy continuous rains, the rivers and streams in the Western region of the State were in floods.

*Delhi*: Since the 4th of August, the flood situation in Delhi became more critical with three successive peak floods in river Sahibi, the highest being on 4th August with a discharge of 3000 cumecs. Inspite of allowing nearly twice the designed discharge in the Najafgarh Drain water started accumulating in the Dhansa lake at an alarming rate. The Dhansa bund had been raised by about one metre and the water level rose up to about 213·80 metres. The Najafgarh jheel embankment breached on the evening of 6th August subsequent to the by-passing of the Dhansa lake by the Sahibi Nadi. In the villages and urban colonies the affected people were warned over Radio, Television and other communication med. Evacuation was carried out by the Delhi Administration with the cooperation of the Army authorities and other voluntary organisations. Delhi Administration have made arragnements for provision of food supply and other essential items, medical and maternity care and other relief measures.

During this period simultaneous rise in the level of Yamuna accentuated the critical position in the Delhi areas. Yamuna crossed the danger level of 204·83 metres once on 2-3-1977 reaching a peak of 205·05 metres on 3-8-1977. Subsequently due to heavy inflows from the upper catchment the river rose rapidly and attained a peak level of 205·85

metres at 6·30 hrs. on 7-8-77. This resulted in drainage congestion in isolated areas and also inundation of villages like Jagatpur located within the protection embankments. The river thereafter has been receding and the water level today at 06·30 hrs. and thereafter is 204·95 metres.

Large areas of crops have also been affected by these floods in addition to public and private properties and the assessment of the damage is yet to be made by the Delhi Administration which is currently busy with the flood fighting and relief operation. Loss of human lives is reported to be eleven caused by house collapse, electrocution and drowning during heavy rains.

The help of Army and Air Force was called to supplement the efforts of State Governments in relief operation in the affected areas. Besides, air dropping of food articles and evacuation of persons from marooned areas. Boats have also been provided by the Army in Haryana, Delhi, Rajasthan Gujarat and Madhya Pradesh.

A short term loan of Rs. 3 crores to Haryana Government is being sanctioned for distribution of essential agricultural inputs in the affected areas. A sum of Rs. 20,000 has been sanctioned from the Indian Peoples Famine Trust of distribution of bread in Haryana. States affected by the floods have also been requested to send memoranda for ad ance plan assistance, if needeed. They have also been requested to send estimated requirements of short term term loans for agricultural inputs. No epidemic has been reported from any of the affected States.

The Government is fully aware of the situation and is in constant touch with various State Governments. All possible measures have been taken by the State Governments and the Central Government to provide essential and needed relief to the affected people. and to alleviate their sufferings. A sum of Rs. 9·00 lakhs has also been sanctioned from the Prime Ministers' Relief Fund to various States and Union Territories affected by the floods.



**श्री रणवीर सिंह** (हरियाणा) : उपसभापति जी, अभी माननीय मंत्री जी ने कहा हमारे प्रदेश हरियाणा के अन्दर फ्लड ने, बाढ़ ने 11 पुरुषों की जान ले ली है, 283 के करीब पशु मर चुके हैं और करीब 12 से 15 लाख एकड़ जमीन पानी के नीचे है और एक-तिहाई गांव हैं वहां पर बाढ का असर है।

उपसभापति जी, मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि हरियाणा के अन्दर तबाही क्यों आई? इसके साथ-साथ जैसा अभी इन्होंने कहा कि ढांसा बांध को इन्होंने ऊंचा किया, एक मीटर ऊंचा किया, इन्होंने ढांसा बांध के साथ, ढांसा लेक कहा जब कि ढांसा लेक जैसी कोई चीज नही है। ढांसा से दूसरी तरफ एक इंच भी जंगल जमीन नहीं है वहां गाव बसते हैं हरियाणा के। देश की रक्षा के लिये इस हरियाणा के हजारों जवानों ने कुर्बानी की, अफसरों ने कुर्बानी की। फौज की मदद ले कर के उसी हरियाणा को डुबोने की इस सरकार ने कोशिश की, जिसका सही इलाज हो सकता था वह इन्होंने नही किया। अभी इन्होंने बताया कि यमुना के पानी का स्तर ऊंचा हो गया, इसलिये पानी उनमें ज्यादा नही गया और दिल्ली शहर की कई एक कलोनियों में गन्दा पानी चढ़ा। उपसभापति जी, जिस तीन हजार क्यूसिक पानी को ढासा बांध में छोड़ा गया था उसी के कारण बाढ़ आई है। ढांसा बांध को ऊंचा कर दिया गया। मैं समझता हूं कि यह बात हरियाणा के हितों के खिलाफ थी। वहां पर जो रेगुलेटर था उसमें से आज छः हजार क्यूसिक पानी जाता है। लेकिन उसमें आरम्भ से ही 6 हजार क्यूसिक पानी छोड़ दिया जाता तो कम पानी इकट्ठा होता

[श्री रणबीर सिंह]

ऐसा न करने का परिणाम यह है कि बहुत से गांवों मे बाढ़ आ गई है और गांव पानी मे डूब गये हैं। यह पानी साहिबी नदी का है दूसरी तरफ राजस्थान में एक नदी है जिसमें मेवात के इलाके का पानी आता है। आपने खिलुका रेगुलेटर को पूरा खुला नही छोड़ा। इसके कारण हरियाणा प्रदेश में बाढ़ आ गई। मै समझता हूं कि हिन्दुस्तान की सरकार की तरफ से यह कोशिश हो रही है कि हरियाणा की परवाह न की जाय और वहां के लोगों को पानी में डूबने दिया जाय; क्योंकि वहा के जो भूतपूर्व मुख्य मन्त्री थे उनके खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। सेन्ट्रल कैबिनेट में हरियाणा का कोई नुमाइन्दा नहीं है। जिस तरह से किसी व्यक्ति का जब कोई वलीवारिस नहीं होता है तो उसको कोई नही पूछता है। यही हालत हरियाणा की भी हो गई है। चूंकि भूतपूर्व मुख्य मन्त्री और भूतपूर्व रक्षा मन्त्री के खिलाफ यह सरकार है, इसलिये हरियाणा को भी परेशान किया जा रहा है। ये लोग हरियाणा के प्रदेश को डुबोना चाहते है। यह जनता की सरकार हरियाणा का भला नही कर सकती है। किसाऊ डेम के बारे में कोई कार्यवाही नही की जाती है। सन् 1963 में जब मैं पंजाब के मन्त्रिमण्डल में मन्त्री था, तब यह डेम बनाने की योजना बनी थी। उपसभापति जी, आप जानते हैं कि सन् 1924 में जब सर छोटू राम पंजाब में वजीर रहे थे तो उस वक्त से इस डेम की बात चल रही थी। लेकिन भाखड़ा का डेम बन गया, लेकिन किसाऊ डेम का काम नहीं किया जा रहा है। सन् 1924 से लेकर आज तक 53 साल हो गये है। हमारे होम मिनिस्टर भी इसी इलाके के हैं, लेकिन फिर भी यह काम अभी तक रुका हुआ है। आज हालत यह है कि हरियाणा को बचाने वाला कोई नहीं है। दिल्ली को सब बचाना चाहते हैं, लेकिन हरियाणा की परवाह नहीं की जा रही है। मैं समझता हूं कि दिल्ली को बचाने के लिए हरियाणा को डुबाया जा रहा है। मैं समझता हूं कि इनकी जो यह सोच है कि ढासा बांध को ऊंचा करके दिल्ली को बचाया जा सकता है, यह ठीक नहीं है। आप इस तरह से दिल्ली को बाढ़ से नहीं बचा सकते हैं। जब तक आप साहिबी नदी के ऊपर बांध नहीं बनाते है और यमुना नदी पर बांध नहीं बनाते हैं तब तक समस्या हल होने वाली नहीं है। आज हालत यह है कि हमारे प्रदेश को पानी में डुबाया जा रहा है और उसी तरह से राजस्थान को पानी में डुबाया जा रहा है। एक महीने बा पानी की ज्यादा जरूरत होगी। यह बात विचार करने की है कि कितना पानी हरियाणा के और दूसरे प्रदेशों के गांवों को सिचाई के लिए

8 P. M.

मिल सकेगा। यह किसी पार्टी का सवाल नही है। जब 1966 में पंजाब का विभाजन हुआ, तो उस समय कानून बना था। उसके तहत यह फैसला हुआ कि फिरोजपुर हैड वर्क्स, हरी-के हैड वर्क्स और रोपड़ हैड वर्क्स का प्रबन्ध भाखड़ा मैनेजमेंट को दिया जाय, ताकि पानी का ईमानदारी से बंटवारा हो सके और दिल्ली को पीने का पानी मिल सके, दिल्ली बाढ़ के पानी से बच सके। लेकिन 11 साल हो गये, जो यह कानून था, इसके ऊपर कोई कार्यवाही नही हो सकी है। इसलिये मै आपके मार्फत जनता सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि अगर वह चाहती है कि हिन्दुस्तान जो है, वह मजबूत रहे, उसकी शोभा बढ़े तो हिन्दुस्तान के सभी भाग तरक्की करें। हमारे देश के बडे-बड़े नेता है वह दिल्ली के अन्दर रहते है। अगर आपको दिल्ली को बाढ से बचाना है तो किसाऊ बांध बनाना शुरू करें, साहिबी नदी के ऊपर डाम बनाना शुरू कीजिए, वरना दिल्ली शहर डूबता रहेगा और दिल्ली को बचाने के नाम पर हरियाणा को डुबोते रहेगें तो मेरी प्रार्थना है कि सरकार हरियाणा को न डुबोये और यह जो बदनामी है यह न उठाये। हमारी आज दिन कोई पूछ नही है क्योंकि यहां हमारा न कोई छोटा मन्त्री है और न

कोई बड़ा मन्त्री। पहले हरियाणा वालों को यहां पूरा वजीर बनाते थे, यहां हमारे यहां का डिफेंस मिनिस्टर था लेकिन उस को हराने वाले को यहा चौकीदार भी नहीं बनाया गया जब कि अन्य प्रदेशो मे छोटे-छोटे मन्त्रियों को हराने वाले को जनता सरकार ने पूरा वजीर बना दिया। यह जनता पार्टी का न्याय है। जनता पार्टी क्या चाहती है, वह हरियाणा के साथ क्या बर्ताव करना चाहती है? इस बात पर गम्भीरता से सोचने की जरूरत है। हरियाणा दिल्ली के चारो तरफ बसता है, दिल्ली को घेरने में हमको कोई मुश्किल नहीं है। अगर आप चाहते हैं तो हम दिल्ली को घेर भी सकते हैं।

**श्री गुणानन्द ठाकुर** (बिहार) : उपसभापति जी, मैं तो माननीय मंत्री जी के शब्दों को . . .

(*Interruption*)

उपसभापति जी, मै तो उस इलाके से आता हूं जो सच पूछिये तो उस इलाके के लगभग 4 लाख लोग कोसी के दोनों तटबंधों पर पिछले 22 वर्षों से घेर कर रख दिये गये हैं। इसलिये जब बाढ़ की बात आती है तो मुझे कोई आश्चर्य नही होता, क्योंकि बाढ़ से क्या बरबादी होती है, क्या भयानक स्थिति होती है--काला आजार, मलेरिया और तरह-तरह की बीमारियां--इन सब को हम लोग भुगतने आये हैं। गत वर्ष पटना के लोगों ने भयानक विनाश लीला को देखा है। इस बार लग रहा था कि यह दिल्ली में होने जा रहा है--जनता पार्टी पावर में आई है और लगता था कि शायद भगवान को यह पसन्द है कि इस बार दिल्ली में बाढ़ आये--लेकिन सम्भल गये और जो खतरा था वह टल गया।

**श्री उपसभापति** : कृपया संक्षेप में कहिये।

**श्री गुणानन्द ठाकुर** : मैं संक्षेप में ही कहना चाहता हूं।

जब दूसरे सदन में बाढ़ पर चर्चा हुई तो जो माननीय मंत्री जी ने दूसरे सदन में कहा, मैं उन्हीं की बातों को कहना चाहता हूं। उन्होंने यह स्वीकार किया है कि अभी तक 148 व्यक्ति बाढ़ से मर चुके है, सारे देश में। चाहे वह राजस्थान हो, चाहे हरियाणा हो और चाहे बिहार हो। मैं उन्ही को कोट कर रहा हूं, मैं अपनी ओर से कुछ नहीं कह रहा हूं।

**एक माननीय सदस्य** : लेटेस्ट फिगर्स क्या है?

**श्री गुणानन्द ठाकुर** : यह फिगर्स मंत्री महोदय की ही हैं।

बिहार में देखिये, खतरा अभी बना हुआ है। गत वर्ष पटना की बरबादी आपने देखी और किस तरह से केन्द्रिय सरकार ने साहस के साथ उसका मुकाबला किया और व्यवस्था की थी। फिर इस बार पुनपुन, सोन और गंगा तीनों नदियां बढ़ गई हैं और ऐसा लगता हैं कि अगर यही स्थिति रही तो हो सकता है कि पटना फिर डूब जाय।

आप जानते ही है कि उत्तरी बिहार में सुखाड़ है। सीतामढ़ी जिले में, दरभंगा में और मधुबनी में, सुखाड़ है। एक तरफ बाढ़ है और दूसरी तरफ सुखाड़ है। तो बाढ़ और सुखाड़ से बिहार ग्रस्त है। उत्तर प्रदेश का भी वही हाल है। उपसभापति महोदय, इसलिये मेरा यह निवेदन है कि बाढ़ और सुखाड़ के सम्बन्ध में सदन में बहस होनी चाहिए। मै माननीय मंत्री महोदय से चाहूंगा कि कोई ठोस रास्ता निकाले? बाढ़ की जब बात होनी है तो सुखाड़ रह जाता है, और जब सुखाड की बात होती है तो बाढ़ आ जाती है। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि जब तक यहां इंटरेस्ट का मामला, जैसे मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का उदगम सागर डैम का मामला तय नहीं होगा बिहार

[श्री गुणानन्द ठाकुर]

डूब, गया तब तक लोग बाढ़ में डूबते रहेंगे। अब अगर आपने नेपाल में कोसी पर कोई डैम बनाना है तो नेपाल से कोई समझौता नहीं हो पा रहा है। इसमें करोड़ों अरबों रुपये की लूट हुई जिसका इतिहास भूगोल, पार्लियामेंट आदि सब कुछ हैं... (*Interruptions*) तो मैं डिटेल में नही जानना चाहता। मैं यह कहना चाहता हूं अभी तक आप से चार लाख लोगों का इलाज नहीं हो सका। सब से पहले कोसी योजना, 29 करोड़ रुपये की योजना बनी थी जिसका स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू ने शिलान्यास किया था। फिर इसको बढ़ा कर 75 करोड़ रुपये की बनाई गई, फिर 100 करोड़ रुपये, फिर 150 करोड़ रुपये, फिर 200 करोड़ रुपये और फिर 300 करोड़ रुपये की योजना बनी। लेकिन कोसी के दोनों तटबंधों के भीतर रहने वाले चार लाख लोग दम तोड़ते रहे, मरते रह गये, उनका आज तक कोई इलाज नहीं हो सका। उसी तरह से गंडक का सवाल है। गंडक योजना पर कितना खर्च हो चुका है, लेकिन वह भी पड़ी रही। इसी तरह से पौग डैम का सवाल है। मैं चाहूंगा कि सिंचाई मंत्री जी भी नये आए हैं, इन समस्याओं के संबंध में चाहे कोसी का सवाल हो, चाहे ब्रह्मपुत्र का सवाल हो या किसी और नदी का सवाल हो, उसका कोई हल निकालें। एक बात मैं यह भी कहना चाहता हूं ब्रह्मपुत्र को आपने केन्द्रीय नियन्त्रण में लिया, बाढ़ की समस्या को भी केन्द्र अपने हाथ में ले विशेषकर ऐसे मसलों को जिन नदियों का उद्गम स्थान विदेशों मे हो या जिन नदियों का संबंध दो राज्यों से हो। डा० के० एल० राव ने एक सुझाव दिया था जो कि एक अच्छा सुझाव था। उन्होंने कहा था कि उत्तर की नदियों को दक्षिण से जोड़ दें, समुद्र में मिलाने का इंतजाम करें। गंगा को कावेरी से समुद्र में मिलाने का इंतजाम करो.. (*Interruptions*) रुपया चाहिए तो उसके लिए इंतजाम भी यह सरकार करे। आखिर योजना तो भारत की ही होगी...

**श्री उपसभापति**: कृपया स्थान ग्रहण कीजिए।

**श्री गुणानन्द ठाकुर**: मै समाप्त कर रहा हूं। तो मैं चाहूंगा कि बाढ़ और सुखाड़ के संबंध में सरकार एक ठोस निति बनाए। सरकार एक ठोस व्यवस्था करे। जो लोग बिहार, उत्तर प्रदेश या दूसरे राज्यों मे सूखा से पीडित हो रहे हैं उनके लिए केन्द्रीय अनुदान की व्यवस्था अलग से की जाए। बाढ़ पीड़ितों के लिए भी केन्द्रीय अनुदान की व्यवस्था की जाए। क्योंकि राज्य सरकारों की आर्थिक हालत तो आप जानते है और खास कर के बिहार... (*Interruptions*) बिहार एक पिछड़ा हुआ और गरीब राज्य है। इसलिए मै बरनाला साहब से विनती करूंगा कि ऐसे राज्यों के लिए आप समुचित अनुदान की व्यवस्था करें। इसके साथ-साथ नदियों की जो समस्याएं है उनको परमानेंट न बनने दें अब तो ऐसा लग रहा है कि यह परमानेंट बन गई है। इसलिए मैं यह चाहता हूं इसका पूर्ण इलाज किया जाए। आप यह भी देखें जो रुपया अनुदान के रूप में दिया जाता है वह रुपया सही मदों पर ही खर्च हो रहा है या नही। इसकी छान-बीन भी करते रहें। यही मैं निवेदन करना चाहता हूं।

एक और निवेदन भी करना चाहूंगा वह यह है कि कि मुझे नारायणपुर से तार मिले हैं कि वहां रेल लाइन कट गई है। वहां गंगा के पानी के कटाव को बचाने का इंतजाम करे। चूंकि अगर नारायणपुर और मनसी के बाद से अगर रेलवे लाइन टूटती है तो पूर्वी भारत के साथ संबंध बिलकुल टूट जाएगा। यह एक बहुत भारी क्षति होगी।

**श्री उपसभापति**: श्री प्रकाशवीर शास्त्री।

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : मैं आपके माध्यम से केवल 2–3 बाते पूछना चाहता हू। एक तो अभी कृषि मंत्री जी ने जो बयान दिया है, पता नही उनकी दृष्टि मे उत्तर प्रदेश क्यो छूट गया। मैं उनको ध्यानपूर्वक सुन रहा था कि शायद वह उत्तर प्रदेश में बाढ़ से जो विनाश लीला हुई है उसके सबंध मे भी कुछ बतायेगे। जबकि यहां की एक-दो बड़ी नदियां गंगा और यमुना उत्तर प्रदेश मे से होकर वहां से विनाश करती हुई बिहार और बंगाल में आगे जाती है। लेकिन उन्होंने इस बारे मे अपने वक्तव्य में कुछ स्पष्ट तक नहीं किया। जबकि आज प्रातःकाल आकाशवाणी के समाचार में यह था कि उत्तर प्रदेश मे भी बाढ़ से बहुत विनाश हुआ है और इतने व्यक्ति मर गये हैं फिर भी इन्होंने उत्तर प्रदेश के संबंध मे क्यों कुछ नही कहा एक बात तो मैं यह जानना चाहता था।

दूसरी सबसे बड़ी बात यह है, उपसभापति जी, कि इस बाढ़ में पशु मरे है, मनुष्य मरे हैं लेकिन इसके अलावा सब से बड़ी हानि यह भी है कि खेती भी नष्ट हो गयी है। कठिनाई से जो खेती बची भी है थोड़ी बहुत लेकिन उसमें ऊपर से कुछ इस प्रकार के कीड़े लग गये हैं कि वह बढ़ नही पा रही है। तो मै यह जानना चाहता हूं कि जो खेती बची है क्या उस पर छिड़काव की ऐसी व्यवस्था करेंगे कि जो किसानो के पास यह थोड़ी सी खेती बची है वह उनके हाथ मे आ जाय और उससे उनको चार पैसे मिल जाएं या यह जो थोड़ी बहुत फसल बची भी है यह भी नष्ट हो जाये।

तीसरी बात यह है जैसा कि एक मित्र ने कहा कि आपने लोक सभा में यह कहा था कि 148 व्यक्ति अब तक मर चुके हैं। अब जो उसके बाद फिगर्स बढ़े हैं दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दूसरे स्थानों पर बाढ़ आयी-हुई हैं तो मैं यह जानना चाहता हू कि वह लेटेस्ट फिगर्स क्या हैं। अब तक कितने मरने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है अगर आप यह बता सके तो कृपा होगी।

चौथी बात कह कर मै बैठना चाहता हूं उस दिन जब थीन बांध का मामला उठा तो मैने यह कहा था कि टेहरी बांध एक ऐसा बांध है अगर यह बना दिया जाता है तो 50 प्रतिशत हिन्दुस्तान मे बाढ से विनाश लीला बच जायगी। अगर गगा को बांध दिया जाता है तो। सारे देश मे जितना बिजली का उत्पादन होता है वह अकेले टेहरी बांध के बनने पर होगा क्योंकि उसमें 16 बिजलीघर बनने है, उतनी बिजली वहां बन सकती है। आपने उस दिन कहा कि वह हमारी योजना मे है उसको हम पूरा करेंगे। लेकिन यह कुछ नही बताया कि इस वर्ष टेहरी बांध के लिये कितनी राशि आप मुकर्रर करने जा रहे हैं, कितना काम करने जा रहे हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि आप अपना उत्तर देते समय इस बात को भी अवश्य बतायें।

**श्री कल्प नाथ राय** : आदरणीय उपसभापति जी, बाढ़ एक राष्ट्रीय समस्या है और मुझे मंत्री महोदय से दो निवेदन करने है। एक तो यह कि अभी तो बरसात का आधा दिन ही बीता है और आधे दिनों के बीतने में ही कई प्रान्तों में बाढ़ की विनाश लीला आ चुकी है। हम लोग यहां से चले जायेंगे। अभी आधी बरसात बाकी है। आपको याद होगा कि पिछली बार पटना में बाढ सितम्बर के महीने में आयी थी। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि शार्ट टर्म और लांग टर्म दोनों विषयों पर इस सरकार को सोचना चाहिए। इस समय बरसात इस साल एक महीने या दो महीने पहले हुई है और अभी आधा रेनफाल हुआ है और आधे रेनफाल का सीजन बाकी है। तो अगर बाद में फिर रेनफाल हो और भयंकर विनाश लीला हो तो जनता के बचाने के लिए या फसलों की रक्षा करने के लिए या लोगों के कष्ट के निवारण के लिए सरकार

[श्री कल्प नाथ राम]

किन कार्यो को करे इसके ऊपर आप विचार करें।

आदरणीय उपसभापति जी, दूसरा निवेदन यह कहना है कि अमेरिका में एक समय में बाढ से भयंकर बरबादी हुआ करती थी तो वहां पर एक टेने-सी वैली अथारिटी कायम की गयी। इसके कायम करने के बाद उसने पूरे अमेरिका में बाढ नियंत्रण की समस्या पर विचार किया और बाढ़ के कारण अमेरिका में जो बरबादी हुआ करती थी उसे इस अथारिटी द्वारा नियंत्रित किया गया। अतएव आदरणीय उपसभापति जी, मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि इन्हें गंगा वैली अथारिटी एक योजना पूरे देश के पैमाने पर लागू करनी चाहिए चूंकि पानी एक राष्ट्रीय समस्या है और एक प्रांत से नदियां दूसरे प्रांतों तक बहती हैं जसे घाघरा उत्तर प्रदेश और बिहार में, गंगा उत्तर प्रदेश बिहार और बंगाल में बहती है। यह जो राज्य सरकारें है वे बाढ़ नियंत्रण के लिए जो समुचित कार्यवाही करनी चाहिए वह इस कारण नही कर पाती है इसलिए जब तक यह सरकार कोई एक आटोनामस नेशनल अथारिटी कारपोरेशन नहीं बनायेगी, जो राज्य सरकारों के नियंत्रण से बिल्कुल बाहर हो, जो पानी के विकास और पानी के इस्तेमाल पर विचार कर सके और बाढ़ नियंत्रण के लिए कोई ठोस और सम्बद्ध योजना बना सके तब तक हमारे देश में वे बाढ़ को नहीं रोक सकेंगे। आदरणीय उपसभापति जी, सोन नदी में बाढ़ आने से 12 लाख क्युसेक्स पानी सोन नदी में आया जिसके कारण कि पिछले साल पटना डूबने लगा था और सोन नदी की दूसरी ट्रिब्युटरी जिसका नाम रिहन्द है उसमें भी पिछले साल 12 लाख क्युसेक्स पानी आया। तो 12 लाख क्युसेक पानी आने के कारण पटना पिछले साल विनाश लीला का शिकार बन गया और यदि रिहंद डैम न बनाया होता और रिहन्द नदी का 12 लाख क्युसेक पानी मिल गया होता तो पूरा पटना खत्म हो गया होता। हमें सरकार से निवेदन करना है कि इस सरकार को राष्ट्रीय पैमाने पर बाढ़ नियंत्रण के लिए कोई टेने-सी वैली अथारिटी आफ अमरीका की नकल करके हिन्दुस्तान में भी एक अथारिटी कायम करना चाहिए जो नेशनल अथारिटी हो। जो बाढ के नियंत्रण के लिए स्टेटयुटरी बाडी हो उसमें राज्य सरकारों का कोई नियंत्रण न हो और जिस प्रकार गोविन्दसागर में पानी को बांध कर पंजाब और हरियाणा को भाखड़ा नगल डैम बना कर पावर दिया गया उसी तरह से टेहरी बांध योजना को वर्ल्ड बैंक की सहायता से बनाने की व्यवस्था करें वरना यह गंगा जो अमर है और जो पूरे देश के लिए अमृत का काम कर सकती है वह विनाश लीला का काम कर रही है।

आदरणीय उपसभापति महोदय, हमारे पूर्वी उत्तर प्रदेश में जब बाढ़ की विनाश लीला आती है तो पूर्वी उत्तर प्रदेश के अंदर अतिवृष्टि से भयंकर बाढ़ आती है और अति वृष्टि नहीं होती है तो सरयू और घाघरा की बाढ से होती है। तो जब तक घाघरा मे कर्नाली बांध का निर्माण नही किया जाएगा, बांध योजना को लागू नही किया जाएगा तब तक पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार को बाढ़ की विभीषिका से बचाया नही जा सकता है।

दूसरी बात हमें यह कहनी है कि हमारे देश के अदर जंगलों को, पेड़ो को काटने का काम पिछले 30 वर्षों में लगातार चला आ रहा है, जिसके कारण जमीन का कटाव हुआ है। तो बाढ रोकने की योजना पूरे देश के पैमाने पर बड़े जोरदार तरीके से राष्ट्रीय कार्यक्रम बना कर सरकार को चलाना चाहिए। (*Time bell rings*) तो पेड़ लगाने की योजन के साथ-साथ टेहरी बांध की योजना, कर्नाली बांध की योजना और भालू बाध की योजना को सरकार अपने समय बद्ध कार्यक्रम के अंतर्गत ले लेगी तो बिहार उत्तर प्रदेश और गंगा की घाटी में जो एक भयंकर विनाश लीला पैदा होती है उससे हम उत्तर प्रदेश और बिहार में एक नयी योजना लागू कर सकेंगे और

बाढ़ से उत्तर प्रदेश और बिहार की रक्षा कर सकेंगे। इन शब्दों के साथ मैं सिचाई मंत्री से यह निवेदन करूंगा कि हमारे देश मे जितना पानी होता है उसमें 10 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल सिंचाई और बिजली उत्पादन के लिए होता है और 90 प्रतिशत पानी बह कर समुद्र में चला जाता है या नष्ट हो जाता है। इस 90 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल देश की 24 करोड़ एकड़ जमीन की सिचाई करके और जल विद्युत् के माध्यम से सारे राष्ट्र के औद्योगिक और कृषि के विकास के लिए इस्तेमाल हो सकता है। इसलिए अमरीका की तरह टेनसी वैली आथारिटी के ढग पर गंगा वैली आथारिटी का निर्माण करके बाढ़ को नियंत्रण करना चाहिए।

**श्री रामानन्द यादव** (बिहार) : उपसभापति महोदय, इस वर्ष भी बिहार राज्य में बाढ़ आई है खास कर कोसी, बूढ़ी गण्डक, बागमती और गंगा की जितनी ट्रिब्युटरीज है उन सब में बाढ़ आई है। इस वर्ष बिहार राज्य में पटना शहर बाढ़ की लपेट में नही है । ये दो तरह के लोग इस देश में रह रहे हैं, एक पैन्ट में रहते है शहरों में और उन पर जब मुसीबत आती है तो सारे देश के अखबार और सारे देश की प्रांतीय असेम्बलियों और पार्लियामेन्ट का ध्यान तुरंत चला जाता है, लेकिन देहातो में रहने वाले लोग जो धोती पहनते हैं, कुर्ता पहनते हैं उन को हर साल मुसीबत आती है । वह मुसीबत बाढ़ की बढ़ती जाती है फिर भी देश का ध्यान इस तरफ बहुत कम जाता है और उसके निराकरण के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनायी जाती है । इस वर्ष भी बिहार राज्य मे कोसी का अंचल जो बराबर बाढ़ से ग्रसित रहता है और कोसी का पुल तट-बंध के कट जाने के कारण जैसा कि हमारे मित्र ने बताया बाढ़ के कारण प्रति वर्ष जो परेशान हो रहे हैं वे मकानों में बाढ़ के समय रहते हैं, पेड़ पर रहते हैं, नाव पर खाना बनाते हैं। दवा नहीं मिल पाती उन को, कितनी परेशानियां बढ़ती हैं, उस को हल करने की कोशिश होनी चाहिए। आज गंगा में कटाव के कारण करीबन 200 मील के अन्दर गगा चारो तरफ से काटती रही है और सबसे वेस्ट जमीन जो किनारे के लोग जोतते है वह नष्ट हो जाती है, उपज घट जाती है । तो गंगा की बाढ़ से बचने के लिए कोई स्थायी रूप से व्यवस्था करने की ओर अभी तक न बिहार की सरकार का ध्यान गया है न केन्द्र की सरकार का ध्यान गया है । बूढ़ी गंडक, बागमती नार्थ बिहार की बड़ी नदियां है....

**श्री उपसभापति** : कोई सुझाव दीजिए ।

**श्री रामानन्द यादव** : इस बागमती के लिये आप कोई कमीशन बिठाइये या कोई स्कीम बनाइये, उसे कंट्रोल करना चाहिए। उस की बहुत सी शाखायें है और वह प्रति वर्ष उस सारे इलाके को पानी से भर देती है। इस बाढ़ को रोकने के लिये बागमती के लिये स्कीम बनी थी । आफिसर्स के फ्लैट्स बन गये और कोई आफिसर उन मे आज तक नहीं गया और आज तक वह स्कीम पूरी नहीं हो सकी। मैं चाहूंगा कि नार्थ बिहार को अगर बाढ़ की विभीषिका से बचाना है तो सरकार इस बागमती की स्कीम को जल्द से जल्द पूरा करे और नार्थ बिहार को गंगा के कटाव से बचाने के लिये एक इरोजन कमीशन बनाये। गगा का जो इरेटिक मूवमेंट होता है उस को रोकने की व्यवस्था करें। इसके लिये चाहे वह कोई कमीशन बनाये या कोई एक्सपर्ट कमेटी बिठायें । चूंकि बिहार सरकार के पास इतना पैसा नही है इसलिये भारत सरकार ही इस कार्य में सक्षम हो सकती है । वह रुपया दे कर उस को बचाये। बाढ़ का एक और कारण भी है । जितनी ट्रिब्युटरीज हैं वह मिट्टी से भर गयी हैं। पहले वह अधिक पानी कंटेन करती थी। वह छोटी-छोटी नदियां काफी गहरी थी। वह फ्लेट नहीं थीं। लेकिन बहुत दिनों से

[श्री रामानन्द यादव]

बराबर उन में मिट्टी आने के कारण उन नदियों के बेड ऊंचे हो गये है। थोड़ी वर्षा होती है तो पानी चारो ओर फैल जाता है और बाढ़ आ जाती है। इन ट्रिब्यूटरीज को गहरा करने की आवश्यकता है ताकि परमामेन्ट इरिगेशन की समस्या हल हो सके। इस लिये आप उस गंडक की स्कीम को लायें और भारत सरकार उसस्कीम के लिये, उसे पूरा करने के लिये जल्दी से जल्दी अनुदान दे। कुछ नहरें बनी है लेकिन इस ढंग से बनी है कि वे पूरी नही हुई। एक मील तक मिट्टी फेंक दी गयी और फिर एक मील खाली है। फिर दो मील पर कुछ मिट्टी फेंक दी गयी। रिजल्ट यह होता है कि पानी जब छूटता है तो चारों तरफ फैल जाता है। तो इतना तो पानी बर्बाद होता है और साथ ही बहुत सी फसल मारी जाती है और मै आप को बताना चाहता हूं कि बाढ़ आयी है अति वर्षा के कारण इस वर्ष, और मकई की फसल सारी की सारी मारी गयी है। नतीजा यह होगा कि अकाल की स्थिति हमारे प्रान्त में आयेगी। मैं चाहूंगा कि गंडक की स्कीम को पूरा करने के लिये भारत सरकार अधिक से अधिक अनुदान दे और गंगा का पानी या वर्षा का पानी जो समुद्र में चला जाता है, कल्पनाथ जी ने ठीक सुझाव दिया, उस को यूटिलाइज करने के लिये कोई व्यवस्था होनी चाहिए। एक तरफ आप पाकिस्तान से फरखा बांध के लिये एग्रीमेंट करते है और पानी के लिये लड़ाई लड़ने की वात सोचते है और दूसरी तरफ कितना पानी भारतवर्ष का समुद्र में बहकर चला जाता है। क्यों नही भारत सरकार ऐसी व्यवस्था करे कि वर्षा का पानी, गंगा का पानी या दूसरी नदियों का पानी इरिगेशन परपजेज के लिये इस्तेमाल किया जाय और मैं सरकार से फिर अपील करूंगा कि अधिक से अधिक रुपया वह राज्य सरकार को अनुदान के रूप में दे ताकि फ्लड्स की स्कीम को वह पूरा कर सके।

**श्री भीष्म नारायण सिंह** (बिहार): उपसभापति महोदय, माननीय मंत्री महोदय ने बिहार के संबंध में जो बाढ़ के आंकड़े दिये मेरा ख्याल है कि उन के पास वहां की यह लेटेस्ट रिपोर्ट नहीं है। आज सुबह ही मेरे पास पटना से टेलीफोन आया था, गंगा की बाढ़ से भोजपुर का जो डिस्ट्रिक्ट हैड-क्वार्टर है आरा वह बाढ़ के पानी से घिर गया है। शहर में पानी आ गया है और सोन में पानी का बढ़ाव जारी है। पिछले साल पटना बाढ़ से ग्रस्त हुआ था और उस का मुख्य कारण था कि गंगा और सोन में बाढ़ आ गयी थी। आरा शहर पहले एफेक्टेड हो गया था। तो मैं माननीय मंत्री जी को स्पष्ट करना चाहता हूं कि बिहार में कोई मामूली फ्लड नही है वहां बड़ा भारी प्रकोप होने वाला है और जो सुझाव मैं देना चाहता हूं आप के माध्यम से वह यह है कि रिंग बांध या इंबैंकमेंट जो आप बनाते हैं और जिससे पटना के लिये आप ने बनाया है यह कहीं भी सफल नहीं होगा। इसलिए सफल नही होगा कि जब बाढ़ का पानी फैलता है तब बैड या इंबैंकमेंट बनाने को कहा जाता है। यह परमानेंट सोल्यूशन नही है। उसका परमानेंट सोल्यूशन तब होने वाला है जब नदी के ऊपर के रीचेज में, जहां से उसका आगमन होता है वहां आप डैम बनायें। इस सम्बन्ध में मैं सुझाव देना चाहता हूं और माननीय मंत्री जी अपने उत्तर में प्रकाश डालें तो अच्छा होगा। खासकर पटना और बिहार के जो अपेक्षित भाग हैं, छोटा नागपुर, दक्षिण बिहार का हिस्सा जो सदैव सूखाग्रस्त रहता है, पलामू, रोहतास, औरंगाबाद, नवादा उनमें स्थायी सिंचाई के निदान के लिए दो तीन वर्ष से हम कहते आ रहे हैं कि आप सोन नदी पर सोन वैली कारपोरेशन बनाइये। बिहार सरकार और केन्द्र सरकार आपस में बात करके डी० वी० सी० की तरह योजना बनायें। वह मल्टी-परपज सर्वे करेगा। बाढ़ का स्थायी निदान होगा और पटना और अन्य क्षेत्रों जिनकी मैंने चर्चा की थी, वह भी

बाढ़ से बचेंगे । उसमें जो आर्थिक दिक्कत आयेगी वह वर्ल्ड बैंक से लोन मिलेगा क्योंकि उत्तरी कोयल मेला, कन्हार, औरंगा अमानत आदि जो ट्राइबल एरियाज हैं, बस्ती है उनके लिए आप लोन भी ले सकेंगे । आप सोन वैली कारपोरेशन बनायें और पटना का स्थायी रूप से बाढ़ से बचाव का इलाज होगा और दक्षिण बिहार अर्थात् पलामू, रोहतास, औरंगाबाद आदि जिलों को सुखाड़ से बचाया जा सकेगा ।

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal): Sir, I only suggest that the hon. Minister—now nothing much can be discussed—should call a meeting of his Consultative Committee, if any, as soon as possible, during the inter-session, period, so that he can benefit from that.

**श्री सुरजीत सिंह बरनाला** : मेरे माननीय दोस्त चौधरी साहब ने बहुत से सवाल किये, ऐंसे सवाल भी किये जिनका सम्बन्ध इस डिबेट से नहीं था । उन्होंने फरमाया कि हमारे यहां से कोई मंत्री नहीं लिया गया है । बड़े अफसोस की बात है । यह भी कहा उन्होंने कि जिन्होंने डिफेंस मिनिस्टर को बहादुरी से हराया ऐसे भी लोग हैं, लेकिन तब भी उनको मंत्री नहीं बनाया गया । तो उसका तो मेरे पास कोई जवाब नहीं है फिलहाल । फिर ऐसे भी कुछ ऐतराज कर दिये कि यह जो बंटवारा होने लगा तो उसमें हिस्सा चाहिए था फीरोजपुर के बांध में । उसका उससे ताल्लुक नहीं था । जो सवाल उन्होंने किये उनका बाढ़ से कोई ताल्लुक नहीं था ।

दो सवाल जो इस बाढ़ की हालत के बारे में उन्होंने किये हैं वे यह थे कि ये फ्लड क्यों आया । मेरे से उन्होंने सवाल एक यह पूछा और दूसरा सवाल जो उन्होंने किया कि यह जो ढांसा बांध है उसको ऊंचा क्यों किया । इनका मैंने जवाब देना है । तो यह बाढ़ क्यों आई यह सवाल जो उनका है, मैं उनको जानकारी देना चाहता हूं कि पहली जून से तीन अगस्त तक जो बारिश हुई है वह 444 मिलीमीटर हो गई जैसे पहले बारिश होती थी उससे 80 प्रतिशत ज्यादा हो गई, डबल के करीब हो गई, तब से और पानी बरस गया । तो यह जरूरी था कि इतनी बारिश हो जाए तो पानी इकट्ठा होगा ।

**श्री रणबीर सिंह** : मैंने प्रश्न यह किया था कि 3 हजार क्यूसेक पानी से ज्यादा क्यों नहीं चलाया गया ।

**श्री सुरजीत सिंह बरनाला** : तो यह जो साहिबा नदी है, जिसको इन दिनों में 'स्ट्रीम आफ सौरो' भी कह देते हैं, इस दफा उसके कैचमेंट एरिया जो करीब एक मील का है, उसमें बहुत बारिश हुई है ।

इसी वजह से यह छोटी सी नदी बहुत उभर कर आ गई । यह आती है पांच साल के बाद आती है, अब की बार 10 साल के बाद आई है और जब आती है तो लोग याद करते हैं । इससे पहले 10 साल पहले आई थी, सन् 67 में आई थी उस वक्त भी लोगों ने बहुत शोर किया था और यह कहा था कि इस पर काबू करना चाहिये । अब फिर यह नदी चढ़ कर आई तो अब फिर लोगों का ख्याल है कि इसको काबू करना चाहिये, जैसा चौधरी साहब फर्मा रहे थे । नदी में जो इस दफा बहाव आया है वह एक लाख क्यूसेक तक पहुंच गया है जब कि यह मामूली नदी है । यह नदी शहर में से, ड्रेन में से हो कर यमुना में गिरती है बहुत अर्से से यह चला आ रहा है । पहले ज्यादा पानी नहीं होता था, दिक्कत नहीं थी, ड्रेन में से होकर यमुना में यह पानी गिर रहा था और इस बात का पता था इसीलिए नवम्बर, 67 में तीन स्टेटों राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली प्रान्त के लोगों की मीटिंग हुई । यह मीटिंग इरी-

[श्री सुरजीत सिंह बरनाला]

गेशन मिनिस्टर की हिदायत पर बुलाई गई थी। उसमें यह विचार हुआ था कि इस पर बंध बांध देना चाहिये, क्योंकि इन्हीं दिनों 67 में बाढ़ आई थी और ऐसी ही बाढ़ आई थी बल्कि अब की बार कुछ ज्यादा आई क्योंकि ड्रेन नम्बर 8 पर भी पानी आ गया। उस वक्त जब यह फैसला हुआ था कि यहां बंध बांधना चाहिए, तब पानी गुजर गया था, खेत सूख गये थे नुकसान भी हो गया था इसलिए आहिस्ता-आहिस्ता स्टेटों ने यह फैसला किया कि बंध को बांधने की जरूरत नही है। मैं चौधरी साहब से कहूंगा कि बांध न बन सका इसलिए बाढ़ आई। उन्होंने बंध बांधना जरूरी न समझा। हरियाणा भी पीछे हट गया, राजस्थान पी पीछे चला गया और दिल्ली वाले भी पीछे चले गये।

जैसा मैंने अभी कहा है कि तीन राज्यों के अधिकारियों को कहा है, राजस्थान के चीफ मिनिस्टर से, हरियाणा के चीफ मिनिस्टर साहब से और दिल्ली आथोरिटी से कहा है कि बाढ़ के काम से निपट कर, इक्कठे हो कर बैठ कर इस बारे में हम फैसला करें आया कि बंध बांधना जरूरी है या नहीं। मैं इसे जरूरी समझता हूं क्योंकि इससे इर्रीगेशन में भी फायदा होगा, सिंचाई में भी फायदा होगा राजस्थान को भी फायदा होगा, हरियाणा को फायदा होगा सिचाई के मामले में और दिल्ली को पीने के पानी का फायदा होगा। यह एक आल्टरनेटिव है और दूसरा आल्टरनेटिव यह है कि नीचे से पहले भी एक स्कीम बन कर आई थी जिसमें 12-13 करोड़ रुपए का खर्चा पड़ता था इसलिए वह छोड़ दी गई। उसमें यह था कि जमीन के नीचे से पानी निकाल कर यमुना में डाल दिया जाए। ताकि दिल्ली में इसका अफेक्ट न हो। यह हमेशा के लिए उपाय है और यह अभी तक नहीं किया गया है। किया जाना चाहिये था और बहुत अर्से पहले किया जाना था। देखिये कि इतनी बड़ी नदी ने नजफगढ़ ड्रेन में से गुजरना है। यह नदी पहले बहुत छोटी थी उसको चौड़ा करने की कोशिश की गई। इसका जो पूरा डिस-चार्ज है वह थ्री थाउजैन्ड क्युसेक है। पीछे से एक लाख क्युसेक, 65, या 60 हजार क्युसेक पानी और इस तरफ आ रहा था और वह आहिस्ता-आहिस्ता डिपरेशन में जमा होता गया। अगर डिपरेशन पर काबू नहीं किया जाता तो सारा पानी दिल्ली की तरफ आता। जो बंध पहले से बनाया गया है उसमें दो स्लुइसेस बने हुये हैं जिसमें से पानी निकल कर नजफगढ़ लेक में आता है और फिर ड्रेन में आता है। रेगु-लेटर की कैपेसिटी तीन हजार क्युसेक है क्योंकि इस नाले और ड्रेन की कैपेसिटी ही तीन हजार क्युसेक है। क्योंकि रेगु-लेटर बन्द नहीं थे इसलिये पानी गुजरता रहा और अब वह तीन हजार से बढ़ गया क्योंकि पानी बहुत जोर से आ रहा था इसलिए ढांसा बंध के सामने एक बड़ी लेक बन गई, मीलों लम्बी, शायद 10-12 मील लम्बी लेक बन गई। यह मैंने स्वयं हवाई जहाज से भी देखा। और नीचे जाकर भी देखा। उस पोइंट को भी देखा वहां काम भी कराया। वहां से तीन हजार के बजाय जब मैं पहले दिन गया था तो 5200 क्युसेक पानी गुजर रहा था और अब वह 6 हजार क्युसेक तक पहुंच गया है। वह ढांसा से नजफगढ़ लेक की तरफ आ रहा था और जो नजफगढ़ लेक के किनारे बंधे हुये थे उनको भी खतरा पैदा हो रहा था। जब पीछे साहबी नदी का कोर्स चेंज हुआ तो पानी सीधा ढांसा बंध में आने के बजाय नजफगढ़ लेक में आ गया। फिर नजफगढ़ लेक का बांध टूटने लगा और वह कई जगहों पर टूटा और चारों तरफ फैलने लगा। जैसा चौधरी साहब ने कहा है, दिल्ली हमारी नाक है।

यह तो ठीक बात है । दिल्ली देश की नाक ह उन्हें इस बात का गिला है कि ढांसा बांध को क्यों ऊंचा किया गया ? क्या हम दिल्ली में बाढ़ आने देते ? यह समझ में नहीं आता कि इनका यह कैसा आर्गुमेंट है ? एक गज के लगभग उसको ऊंचा किया गया है । इस काम में फौज को भी लगाया गया और तीन हजार आदमी उसमें दिन-रात काम करते रहे । इसी वजह से हम दिल्ली को सेव कर पाये हैं । हरियाणा में जो पानी बहा वह केवल ऊपर से ही बहा है । वहां पर भी इससे कुछ नुकसान हुआ है, लेकन दिल्ली को इससे बहुत फायदा हुआ है । हरियाणा वालों ने उस बांध को काट दिया । यह उनका हक था । नजफ-गढ़ लेक से पानी जमुना नदी में पहुंचाना है । हम इसका आल्टरनेटिव ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं । हमें आशा है कि हम इसमें कामयाब हो जायेंगे और इसका कोई परमानेन्ट हल मिल जाएगा । इस नाले को पक्का भी किया जा रहा है ।

कोशी नदी का भी जिक्र किया गया है । कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि हमारी तो यह आदत हो गई है कि बाढ़ का सामना हर साल करें । हर साल बाढ़ आती है और बहुत नुकसान होता है । यह सही बात है । पिछले 30 सालों से इस बारे में कोई इंतजाम नहीं किया जा सका है और जो इंतजाम किया भी गया है वह नाकाफी है । अब हमें समय मिला है । हम इस बात की कोशिश करेंगे कि इस बारे में कुछ किया जाय और कोई परमानेन्ट हल इसका निकाला जाय । बिहार के माननीय सदस्यों ने यह भी कहा कि हमारे देश की दरियायें जहां से निकलती हैं वहां पर भी बांध बांध दिए जायें । हमारी बहुत सी नदियां नेपाल से निकलती हैं । इसलिए इन नदियों पर हम स्वयं बांध नहीं बांध सकते हैं । इस बारे में उनसे बातचीत चल रही है और आगे भी चलती रहेगी । इन नदियों पर बांध बांध दिए जायें तो इससे नेपाल को भी लाभ होगा । वहां की खेती को अगर सिचाई के लिए पानी न भी मिल सके, लेकिन पावर मिल सकती है । इसमें दोनों का लाभ है । हम इस बारे में भी कोशिश कर रहे हैं ।

जहां तक यू० पी० का सवाल है, यह कहा गया कि मैंने इस बारे में आंकड़े नहीं दिये है । मैंने 4 अगस्त को जो बयान दिया था उसमें यह बताया था कि मुजफ्फरनगर, हरदोई, गोरखपुर, शाहजहांबाद आदि जगहों पर फ्लड आया था । इस बारे मे कुछ आंकड़े मेरे पास है, मैं उनको दे देता हूं :—

Area affected in lakh hectares—2·57.

Population affected is 2,05,000.

Damage to crop—1·25 lakh hectares.

Cattle lost—2·69.

So far I have received information about loss of three lives only.

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : पहले तो यह बताया गया था कि 8 मृत्यु हुई है ।

**श्री सुरजीत सिंह बरनाला** : आज ही दोपहर में जब मुझे यह मालूम हुआ कि इस बारे में स्टेटमेन्ट देना है तो मैंने ये आंकड़े प्राप्त किये है । ये लेटेस्ट फीगर मेरे पास है जो मैंने हाउस के सामने रख दी है । मकानों के संबंध मे जो खबर आई है उसमें यह बताया गया है कि 2374 मकानों को नुकसान हुआ है यह भी सवाल किया गया कि क्या दवाइयां भी छिड़की जाएंगी ? इसके लिए हमने स्टेट्स को लिखा है कि उन्हें कितनी दवाइयों की जरूरत है । जितनी उन्हें जरूरत होगी उतनी दवाइयां उनको भेज दी जाएंगी । जहां तक टेहरी बांध का संबंध है, इस पर काम जल्दी ही शुरू होने वाला है ।

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : मैं यह जानना चाहता हूं कि इस साल में आप टेहरी बांध पर कितना रुपया खर्च करने जा रहे है ?

**श्री सुरजीत सिंह बरनाला** : अगर आप स्पेसिफिक कोई सवाल पूछना चाहते है तो उसके लिए मुझे आपको वक्त देना पड़ेगा। इस वक्त मैं ये आंकड़े नही दे सकता हूं।

जहां तक टोटल डेथ्स का सवाल है, 2 अगस्त को मैंने जो बयान दिया था उसमें यह बताया था कि तब तक 103 डेथ्स हो चुकी थी। आज 9 अगस्त तक 138 डेथ्स हो चुकी है। ये लेटेस्ट फिगर्स हैं इसके बारे में कुछ लोगों की तरफ से यह भी कहा गया कि हमें भी कोई ऐसा प्रोजेक्ट बनाना चाहिए जैसे कि टेनेसी वली प्रोजेक्ट है। यह प्रोजेक्ट सारे मुल्क के लिये, सारे. युनाइटेड स्टेट्स के लिये नही था, वह तो केवल एक वैली के लिये थी। अपनी वैलीज को कवर के लिये हमने भी ऐसे प्रोग्राम बनाये है जैसे ब्रह्मपुत्र है, उसका अलग है, बंगाल के लिए अलग है, यू० पी० का गंगा का बेसिन है, इसके लिये अलग बन रहा है। क्योंकि हमारी प्राबलम बड़ी है, अकेले ब्रह्मपुत्र की प्राबलम बहुत बड़ी है, जिसके लिये खास, स्पेशल अरेंजमेन्ट किया गया है।

**श्री कल्पनाथ राय** : आदरणीय उपसभापति महोदय, मैंने यह कहा था कि पूरे देश के पैमाने पर एक नेशनल वाटर आथारिटी बनाई जाय, जिसको कि स्टेच्युटरी पावर्स हों और जो राज्य सरकारों के नियंत्रण से बाहर हो ताकि वे पानी का इस्तेमाल करने के सम्बन्ध में अपनी एक निश्चित धारणा को लागू करा सकें।

**श्री सुरजीत सिंह बरनाला** : बहुत देर में बात सूझी है, यह बात पहले भी हो सकती थी, लेकिन नहीं बनाई गई। राज्य सरकारें जो है वह इसको अपने अधिकार में मानती है अ वे कहती है कि यह उनके अधिकार की बा है। यदि आप मदद करना चाहते है तो मद दें, स्कीम बनाने के बाद हमें भेज दिया जा केवल वह इतने तक ही राजी होती है, इस ज्यादा राजी नहीं होती। हम तो तैयार हम इसे लेने को तैयार है और उनको हर त से हेल्प करने के लिये तैयार है। तो यह अर्ज करना चाहूंगा कि यह जो स्थि है फ्लड की यह तो कुदरत पर डिपेन्ड कर है, बारिश कहीं हो जाय, ज्यादा हो जा कहीं देर में हो जाय, तो इस तरह कहीं बा आ ही जाती है।

**श्री कल्पनाथ राय** : आदरणीय उप सभापति महोदय, मैंने कहा था कि करना बांध योजना और .....

**श्री उपसभापति** : अगर आप क निश्चित सूचना चाहते है तो सुनिश्चित प्र पूछ लीजिये, आपने जो सुझाव दिये हैं

*(Interruption)*......

इस प्रकार तो बहस समाप्त होने वा नही है।

**श्री सुरजीत सिंह बरनाला** : बाढ़ आ है, हर साल नुकसान होता है। बिहार लगभग हर साल बाढ़ आती है, बहुत नुकस हो जाता है। पिछले साल भी बहुत नुकसा हुआ। हर साल नुकसान होता है। वह नुकस 53 करोड़ रुपये के करीब है। इस साल मु खुशी है कि परमात्मा की कृपा से अभी जो जानकारी मिली है, उसके मुता 34 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। मै चा हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि अ नुकसान ज्यादा न हो। इन शब्दों के मै समाप्त करता हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: T House stands adjourned *sine die*.

The House then adjourned *si die*. at forty-three minutes pa eight of the clock.

G.M.G.I.P.N.D.—821 RS I—11-10-77—595.